# 'आम जनमानस के विश्वास का प्रतीक बनेगी आगरा मेट्रो'

आगरा, वरिष्ठ संवाददाता। आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट देश में सबसे तीव्र गति से संचालित होने वाला प्रोजेक्ट है। ये मेट्रो प्रदेश के अन्य शहरों की तरह आगरा में भी आम जनमानस के विश्वास का प्रतीक बनेगी। यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने उचित गुणवत्ता, सुरक्षा के साथ समय से पूर्व ही बेहतर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम दिया है।

आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के प्रायोरिटी कॉरिडोर (छह किलोमीटर) का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार की सुबह कोलकाता से वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने ताजमहल स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर मेट्रो को रवाना किया। उन्होंने ताजमहल स्टेशन से ताजमहल पूर्वी गेट स्टेशन तक मेट्रो का सफर किया। यहां उन्होंने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आगरा देश के उन 21 शहरों में शामिल हो गया हैं जहां मेट्रो संचालन होता है। ऐसा करने वाला ये प्रदेश का छठवां शहर है। उन्होंने कहा कि 2021 में मेट्रो प्रोजेक्ट का शिलान्यास हुआ था। समय सीमा से छह माह पहले प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन रिकॉर्ड समय में पूरा हो गया है।

## सैफई में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण

सैफई (इटावा)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रदेश की पिछली सरकारें विकास के नाम पर सिर्फ नारियल फोड़तीं थीं मगर पैसा नहीं देती थीं। टोकन मनी ही दी जाती थी। काम हम कर रहे हैं। सैफई में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में नवनिर्मित 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का लोकार्पण करते हुए सीएम ने तंज कसा कि इस हॉस्पिटल का भी 2014 में नारियल फोड़ा गया था मगर हमारी सरकार ने सांसद-विधायकों से जानकारी लेकर बजट जारी किया और 490 करोड़ से बनकर तैयार हो गया।